समयबद्ध / महत्वपूर्ण

संख्या–1365 / 15–7–2014–1(29) / 2014

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

2–सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद्
उ0प्र0, इलाहाबाद।

शिक्षा (7) अनुभाग                                        लखनऊः दिनांकः 30 अक्टूबर, 2014

विषयः– मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने के समय में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांकःडी0ई0 / 188 / 2014–15, दिनांकः09–10–2014 एवं पत्रांकःडी0ई0 / 219 / 2014–15, दिनांकः29–10–2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने के समय में परिवर्तन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शिक्षा संहिता के प्रस्तर–86(1) में निम्नवत् प्राविधान है–

"मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य का न्यूनतम समय, विश्रान्ति के समय को निकालकर, अगस्त से मार्च तक 05 घण्टे 20 मिनट और गर्मियों में अप्रैल, मई और जुलाई, जबकि विद्यालय प्रातःकाल का होता है, 04 घण्टा 35 मिनट रहेगा। पहली बैठक का समय विद्यालय खुलने के समय से लेकर विश्रान्तिकाल प्रारम्भ होने तक होगा। दूसरी बैठक का समय विश्रान्तिकाल समाप्त होने के समय से लेकर शिक्षण कार्य के समाप्त होने तक रहेगा।"

उदाहरणस्वरूपःयदि किसी संस्था में शिक्षण कार्य 10 बजे पूर्वान्ह से प्रारम्भ होता है तो इसके पूर्व कम से कम 10 मिनट की प्रार्थना–सभा 9–50 बजे पूर्वान्ह से आयोजित की जायेगी।

3– अतः प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि **"मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में शिक्षण कार्य का न्यूनतम समय विश्रान्तिकाल के साथ 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 7–30 बजे से 12–30 बजे तक तथा शीतकाल में 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक शिक्षण कार्य प्रातः 8–50 बजे से अपरान्ह 2–50बजे तक रहेगा।"** शिक्षण अवधि में छात्र / छात्राओं के लिए पेयजल इत्यादि की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।

कृपया तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डा0 सूर्य प्रताप सिंह )
प्रमुख सचिव।

डा० (अवधेश) नरेश शर्मा
शिक्षा निदेशक (मा०)

Missle..Vi.IP